Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# अब माइक्रोबायोलाजिस्ट की इंतजारी पड़ रही है भारी

**जिम्मेदार कौन**

## कोरोना के मामले एक बार फिर बढ़ने से स्वास्थ्य महकमें की मुश्किलें बढ़ने के आसार

आरटीपीसीआर मशीन को शुरू कराने के लिए नहीं की गई कोई ठोस पहल

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ। सीमांत जनपद पिथौरागढ़ के बेस अस्पताल में आरटीपीसीआर मशीन तो लग गई। वही अब माइक्रोबायोलाजिस्ट के इंतजार में मशीनों के इस्तेमाल न होने की वजह से जिले में कोरोना मरीजो के सैपलों की जांच को लेकर संबधित स्वास्थ्य महकमे को जिला मुख्यालय से दो बीस किमी दूरी पर हल्द्वानी पर निर्भर रहने को फिर एक बार मजबूर होना पड़ रहा है। जिले में पिछले एक सप्ताह से एक बार फिर कोरोना के मामलों में जहां एक ओर वृद्वि हो रही है। वही बढते कोरोना के मामले के बीच अब तक जिले के बेस अस्पताल में लगाई आरटीपीसीआर



मशीन को शुरू कराने के लिए कोई ठोस पहल शुरू नही हो पाई है।

बता दें कि जिले के बेस अस्पताल में आरटीपीसीआर मशीन को लगाये हुए दो माह से भी ज्यादा वक्त बीत चुका है। वही अबतक मशीन का संचालन न हो पाने से अब फिर सैपलों की जांच रिपोर्ट हल्द्वानी एचटीएच भेजे जाने व वहां से जांच रिपोर्ट में हो रही देरी से अब सीमांत जिले के स्वास्थ्य महकमें की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। दूसरी ओर लंबे जद्दोजहद के बाद सीमांत जनपद के लोगों को उम्मीदें थी कि जिले में आरटीपीसीआर मशीन के लगने से जांचों में सहायता मिल सके सैपलों की जांच में सुधार होगा।

जिले के लोगों की उम्मीदों को झटका लगा है। जिले के स्वास्थ्य महकमा जिले के लोगों की कोविड जांच कराने में सक्षम साबित होता नजर नहीं आ रहा है। सीमांत जनपद मुख्यालय में कोरोना के मामले तेजी से फिर बढ़ रहे है। वही दूसरी ओर केंन्द्र सरकार की पहल पर सीमांत जनपद मुख्यालय के बेस अस्पताल में भेजी गई आरटीपीसीआर मशीन के लिए न तो पैथेलाजिस्ट की तैनाती हो सकी है और न ही माइक्रोबायोलाजिस्ट की तैनाती संभव हो पाई है। ऐसे में अब जिले में कोरोना के सैंपलों में जांच रिपोर्ट के लिए जिले के स्वास्थ महकमें की मुसीबतें और भी ज्यादा बड़ जायेगी।

इस मामले पर जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर हरीश चन्द्र पंत ने कहा है कि जिले में आरटीपीसीआर मशीन के इंस्टालेशन के लिए टीम नही आ पाई है। जिले के बेस चिकित्सालय में माइक्रोबायोलाजिस्ट की अब तक नियुक्ति न हो पाने के लिए शासन को पत्र मोदन किया गया है।

## न्यूज डायरी

### भाजपा नेत्री मधु जैन से प्रयासों के बाद जारी की स्कूल ने बच्चे की टीसी

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की महानगर उपाध्यक्ष मधु जैन को जानकारी मिली की कोरोना के चलते मोती बाजार निवासी सुरेंद्र प्रसाद का कामकाज ठप होने से स्कूल में फीस ना जमा करने के कारण स्कूल द्वारा बच्चे को टीसी नहीं दी जा रही है। मधु जैन ने जाकर सुरेंद्र प्रसाद से मुलाकात की जिससे उनको जानकारी मिली कि उनके 5 बच्चे हैं और वह खुद कैंसर से पीड़ित हैं और डॉक्टर ने इलाज के लिए जवाब दे दिया है। कोरोना के चलते काम धंधे सब बंद हो गए हैं जिससे उनकी माली हालत खराब हो रखी है। फीस ना देने पर स्कूल द्वारा टीसी नहीं दी जा रही है, जिससे उनके बच्चों का भविष्य आधर में है। मामले को संज्ञान में लेते हुए मधु जैन ने स्कूल प्रबंधक से सुरेंद्र प्रसाद की दशा की परिवार की जानकारी दी।

### टेक्नो ने लॉन्च किया स्पार्क 8

**संवाददाता** देहरादून। ग्लोबल प्रीमियम स्मार्टफोन ब्रैंड टेक्नो ने आज एक और फ्यूचर–रेडी स्मार्टफोन ब्रांड स्पार्क 8 के लॉन्च की घोषणा की। इसमें इसकी स्पार्क सीरीज की सेगमेंट–अग्रणी खूबियां मौजूद हैं। स्पार्क सीरीज की सफलता के बाद, टेक्नो ने 6000–10,000 रुपये के सेग्मेंट में भारत के पांच टॉप स्मार्टफोन कंपनियों में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। इसके साथ ही कंपनी लगातार नए–नए प्रॉडक्ट्स को लॉन्च कर अपने पोर्टफोलियो को और सुदृढ़ कर रही है। ऑल न्यू स्पार्क 8 कई आकर्षक फीचर्स से लैस है। जैसे कि 64 जीबी की मेमोरी से उपभोक्ताओं को अपने कीमती फोटो और विडियो हमेशा अपने पास रखने की इजाजत मिलेगी। 16 एमपी का एआई ड्यूल हाई रिजोल्यूशन कैमरा हाई क्वॉलिटी की यादगार फोटो खींचने में मदद करेगा।

### रिलायंस ज्वेल्स ने आज के जमाने की महिलाओं के लिए बेला कलेक्शन को किया लॉन्च

**संवाददाता** हरिद्वार। रिलायंस ज्वेल्स ने अपने एक्सक्लूसिव ज्वैलरी कलेक्शन, बेला– मेक एवरी डे स्पेशल में नए डिजाइन को लॉन्च किया है, जो आधुनिक महिलाओं की खूबियों का जश्न मनाता है। फैशन ज्वैलरी बाजार में ब्रांड ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। विशिष्ट और चमक–दमक वाले डिजाइन से लेकर प्रीमियम गुणवत्ता वाले आभूषणों तक, इस नए कलेक्शन में हर बेशकीमती आभूषण की अहमियत को समान रूप से उजागर किया गया है। बेला एक कलेक्शन से कहीं बढ़कर है। यह एक मनोभाव है! अभिव्यक्ति है! महिलाओं के हर दिन को खास बनाने के लिए इस कलेक्शन को तैयार किया गया है। बेला के हर आभूषण कला की बारीकियों से सुसज्जित एवं समकालीन हैं, जो इसे नई पीढ़ी की युवतियों और महिलाओं की खरीदारी के लिए आदर्श बनाते हैं।

## पुरोला व्यापार मंडल चुनाव में अध्यक्ष एवं महामंत्री पद पर दो लोग रह गए

**संवाददाता** पुरोला। पुरोला व्यापार मंडल चुनाव में अध्यक्ष एवं महामंत्री पद पर दो दो लोग मैदान में रह गये है। इससे पुर्व अध्यक्ष पद के लिए बलदेव सिह रावत, वृजमोहन सिंह चौहान तथा जयेंद्र सिंह रावत ने अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी की थी, बलदेव सिंह रावत के नाम वापसी के बाद अध्यक्ष पद पर दो तथा महामंत्री पद पर भी अंकित पंवार तथा विकास राणा मैदान में रह गये है। जबकि उपाध्यक्ष पद दीपक नौडियाल तथा कोषाध्यक्ष पद पर अमित चौहान तथा प्रचार मंत्री में सतीश चौधरी का एक नाम होने से इनका निर्विरोध होना तय हो गया है ।

चारों प्रत्याशियों के नामांकन के बाद मुकाबला कड़ा हो गया है। इन दो पदों के लिए कुल 4 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे हैं। व्यापार मंडल चुनावों के लिए आज पुरोला नगर में प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न एवं वोटरलिस्ट भी उपलब्ध करवा दी गई है। यहां अध्यक्ष पद पर बृजमोहन सिंह चौहान तथा जयेंद्र सिंह रावत ने नामांकन कराए। जबकि महामंत्र पद के लिए विकास राणा तथा अंकित पंवार ने नामांकन करवाया । उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष तथा प्रचार मंत्री पद के लिए एक एक प्रत्याशी होने के कारण इन तीनों का निर्विरोध चुना जाना तय है।

चुनाव समिति ने बताया कि 19 सितंबर प्रातः आठ बजे से तीन बजे तक तहसील परिसर में चुनाव संपन्न होगे । उसी दिन देर सांय मतदान के वाद मतगणना के साथ विजयी प्रत्याशी का शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित किया जायेगा ।



### सीएम ने किसान आयोग के अध्यक्ष दिनेश दुबे ने शिष्टाचार भेंट की

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बुधवार को सचिवालय में उत्तर प्रदेश किसान आयोग के अध्यक्ष दिनेश दुबे ने शिष्टाचार भेंट की।

## विकास के लिए धन की कमी को नहीं आने दिया जाएगा आढे

स्पीकर अग्रवाल ने विधायक निधि से टीन शेड निर्माण की घोषणा की

**संवाददाता** ऋषिकेश। ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र के सोमेश्वर नगर वार्ड 21 में विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने जनता मिलन कार्यक्रम के दौरान कमलेश्वर महादेव मंदिर के टीन शेड के लिए विधायक निधि से 6 लाख जबकि चामुंडा मंदिर के टीन सेड निर्माण के लिए के 1 लाख रुपये विधायक निधि से देने की घोषणा की।

इस अवसर पर अग्रवाल ने कहा है कि ऋषिकेश विधानसभा के प्रत्येक वार्ड एवं प्रत्येक ग्राम पंचायत में विकास की विभिन्न योजनाएं संचालित हो रही है। उन्होंने कहा है कि सोमेश्वर नगर वार्ड में भी अनेक आंतरिक मोटर मार्ग आदि सहित विभिन्न विकास के कार्य संचालित किए गए जिससे आम जनमानस लाभान्वित हो रहा है।

उन्होंने कहा है कि शहर के अंदर 40 वर्ष पुरानी पाइप लाइन को जनसंख्या के घनत्व के हिसाब से परिवर्तित करने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य योजना तैयार की जा रही है ताकि लोगों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति प्राप्त हो सके। अग्रवाल ने कहा है कि 40 वर्ष पूर्व जनसंख्या का घनत्व भी कम था। समय अधिक होने के कारण पुरानी लाइनें जर्जर हो चुकी है उन्हें आने वाले समय में नई लाइनों के रूप में परिवर्तित किया जाएगा। उन्होंने कहा है कि ऋषिकेश में पर्यटकों का बड़ी संख्या में आवागमन होता है इसलिए पानी की आपूर्ति भी अधिक होती है।

अग्रवाल ने कहा है कि विकास के लिए धन की कमी को आढे नहीं आने दिया जाएगा। उन्होंने कहा है कि जिन योजनाओं का कार्य चल रहा है वह समय सीमा के अंतर्गत पूरी होगी, गुणवत्ता के लिए अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है। इस अवसर पर सोमेश्वर नगर वार्ड नंबर 22 की पार्षद राधा रमोला ने नंदू फार्म में पानी भरने की समस्या के निजात के लिए 3 करोड़ की योजना से समाधान करने पर विधानसभा अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया साथ ही उन्होंने कहा है कि नगर निगम से विकास की योजना धरातल पर नहीं उतर रही है।

## एसओएस चिल्ड्रनस विलेज ऑफ इंडिया ने आजीविका पुनर्वास परियोजना सौंपी

**संवाददाता** चमोली। देश के सबसे बड़े बच्चों के एनजीओ एसओएस चिल्ड्रनस विलेज ऑफ इंडिया द्वारा संचालित पिछले छह महीनों में उत्तराखंड के एक दूरदराज के गांव करछों में चलायी जा रही एक आजीविका पुनर्वास परियोजना को सौंप दिया है। ये गाँव 7 फरवरी, 2021 को नंदा देवी ग्लेशियर फटने के बाद अलकनंदा नदी प्रणाली में हिमस्खलन से सबसे बुरी तरह प्रभावित हुआ था। आगे जाकर, सरकार द्वारा चलायी जा रही आजीविका पुनर्वास परियोजना जारी रहेगी। 9 फरवरी को शुरू हुई ये परियोजना 8 सितम्बर 2021 को अपने निष्कर्ष पर पहुंची, जिसमें इस परियोजना द्वारा आजीविका विकास, स्थानीय समुदाय में क्षमता निर्माण और बाल कल्याण के क्षेत्र में कई आशातीत उपलब्धि हासिल की। एसओएस ने 2 परिवारों को खच्चर पालन में भी सहायता दी। परियोजना के तहत, एक परिवार बिजली की दुकान चलाता है, और गैर सरकारी संगठन ने एक छोटी सी दुकान और एक सिलाई इकाई की स्थापना की है।